क्र० सं०	योजना/परियोजना का नाम
7.	बम्बई लोकल-2 2 कि० वो० क्यूबिकल/उपस्कर की व्यवस्था और ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाना।
8	बम्बई लोकल-विभिन्न स्थानों पर 2.2 कि० वो० पी० वी० सी० केबुलों की व्यवस्था।
9.	बम्बई लोकल-संपर्क तार (10 कि० मी०)।
10	बम्बई लोकल-जंग लगी संरचनाओं का जस्ता लगी संरचनाओं से बदलाव (81 अदद)।
	राजस्थान
1	फुलेरा-मारवाड़-अहमदाबाद का आमान परिवर्तन--572 कि० मी०
2	मथुरा-कोटा-पूरे रेल पथ का नवीकरण और थ्रू स्लीपर नवीकरण (39.36 कि० मी०)।
3	कोटा-मथुरा-पूरे रेलपथ का नवीकरण और थ्रू स्लीपर नवीकरण (20 11 कि० मी०)
4	कोटा-गंगापुर सिटी-कांटे और पारणों का बदलाव।
5	कोटा मडल-सिगनल गियरें और लीवर फ्रेमों का बदलाव।

इन्दौर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधायें

6803 **श्री अजीत जोगी**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इन्दौर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए बिजली और सफाई जैसी सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु रेल यात्रियों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं;

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ): (क) और (ख) जी नहीं, इन्दौर स्टेशन पर पहले ही पर्याप्त संख्या में लाइट फिटिंग और पंखों की व्यवस्था की गयी है बहरहाल, इस आशय के अनुदेश जारी किए गए है कि इस स्टेशन पर सफाई के स्तर में सुधार लाया जाए।

Gauge Conversion from Gondia to Wadsa

6804. SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:
SHRI RAJNI RANJAN SAHU:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) what progress has been made so far in the gauge conversion work on the 103 km. stretch of line from Gondia (Bhandra) to Wadsa (Godchiroli); and

(b) whether it is likely to be completed in due time, if so, by when?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b) The work has since been completed.

गुजरात में तारापुर भावनगर रेल लाइन को पूरा किया जाना

6805. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का वर्ष 1994-95 के दौरान गुजरात-सौराष्ट्र क्षेत्र में तारापुर भावनगर रेल लाइन परियोजना का कार्य आरम्भ करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो कब तक और उक्त परियोजना पर अनुमानतः कितनी लागत आयेगी; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) संसाधनों की तंगी।